Title: Need to lift restrictions on drainage of water in PWD areas adjacent to Fatehgarh Cantonment Board area in Uttar Pradesh.

श्री चन्द्र भूाण सिंह (फर्रुखाबाद) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपका ध्यान छावनी बोर्डों की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। जहां कहीं भी कंटोनमेंट एरिया हैं और वहां से पीडब्ल्यूडी की सड़कें या नेशनल हाई-वे निकलता है वहां देखने में यह आता है कि वहां जो भी ऑफिसर कमांडिंग होता है वह मनमाने तरीके से कोई न कोई व्यवधान वहां खड़ा करता है जिससे वहां से गुजरने में आम-आदमियों को बड़ी दिक्कत होती है। मैं फतेहगढ़ छावनी क्षेत्र उ.प्र. की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। वहां की पीडब्ल्यूडी की सड़कें कंटोनमेंट एरिया से होकर गुजरती हैं। आम आदमियों के लिए वहां का रास्ता बंद कर दिया गया है। वह बड़े लम्बे समय से बंद है जिससे आम आदमियों के बड़ी दिक्कत होती है। वहां के दो मौहल्ले कंटोनमेंट एरिया के तहत आते हैं दुर्गा कालोनी तथा नगला दीना । उन मोहल्लों का पानी कैनटोनमेंट बोर्ड द्वारा पानी का निकास बंद कर दिया गया है। एक लम्बी दीवार करवा दी है। संसदीय स्थानीय विकास निधि से एक पक्का नाला बनाया जा रहा था, अब उस नाले में पानी भरा है, इससे बीमारी फैलने का अंदेशा है।

मेरा सरकार से आग्रह है कि वह आफिसर कमांडिंग को निर्देशित करे कि पानी की निकासी का प्रबंध किया जाये ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके।

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN (CHIRAYINKIL): Sir, I am raising a very important point.

MR. DEPUTY-SPEAKER: You always raise only important points!